Seventeenth Loksabha

an>

Need to pay the arrears of salary of employees of Lal Imli Mill, Kanpur of British India Corporation

श्री सत्यदेव पचौरी (कानपुर): महोदय, सदन के माध्यम से मैं माननीय कपडा मंत्री जी का ध्यान ब्रिटिश इंडिया कॉर्पोरेशन, कानपुर के कुल 650 श्रमिकों के पिछले कई महीनों से बकाया वेतन के अब तक भुगतान न हो पाने के सम्बन्ध में आकर्षित करना चाहता हूँ, जिसमें से ब्रिटिश इंडिया कॉर्पोरेशन के अंतर्गत 30 0 कर्मचारी लाल इमली मिल के हैं। इन मिल्स को वर्ष 2017 में नीति आयोग के निर्णय के बाद बंद किया जा चुका था परन्तु इन मिल्स के कार्यरत श्रमिकों को बकाया वेतन का अब तक पूर्ण भुगतान नहीं हो पाया है जिससे उनकी स्थिति दयनीय होती जा रही है। इनमें से कई कर्मचारी (लगभग 200 कर्मचारी) रिटायर्ड हो चुके हैं अथवा उनमें से कुछ का देहांत हो चुका है परन्तु उनके बकाया देय का भुगतान अभी तक नहीं हो पाया है।

महोदय, मैं इस सम्बन्ध में माननीय मंत्री जी के साथ मुलाकात भी कर चुका हूँ और उन्होंने आश्वस्त किया है कि कैबिनेट के निर्णय के बाद इस समस्या का समाधान आगामी फरवरी माह तक कर दिया जायेगा। माननीय मंत्री जी के आश्वासन के बाद मैं उनको धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने हमारी बात बड़ी ध्यान से सुनी।

महोदय, यह एक गंभीर समस्या है क्योंकि जीविकोपार्जन के लिए आर्थिक कमजोरी किसी को भी तोड़ देती है और कई मजदूर भूखे मरने पर मजबूर हैं, उनके जीवन की स्थिति अत्यंत दयनीय है। इसलिए समस्या के समाधान में यदि फरवरी माह से आगे का विलम्ब हो गया तो कई मजदूर भूख से दम तोड़ देंगे।

अतः मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पुनः स्मरण करवाते हुए निवेदन करना चाहूंगा कि आगामी फरवरी 2023 तक श्रमिकों के शेष सभी भुगतान सम्बन्धी समस्या का निवारण करके उन्हें कृतज्ञ करने की कृपा करें।